14/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

खान मंत्रालय ने देश में खनन क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गोवा सरकार के साथ मिलकर अन्वेषण लाइसेंस की पहली नीलामी शुरू की है। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने गोवा में एक कार्यक्रम में इस पहल का अनावरण किया।

नीलामी 13 अन्वेषण लाइसेंस ब्लॉकों पर केंद्रित होगी, जिसमें पृथ्वी के दुर्लभ तत्व-जस्ता, तांबा और हीरा जैसे महत्वपूर्ण खनिज शामिल होंगे। इस पारदर्शी ऑनलाइन बोली प्रक्रिया का उद्देश्य व्यवस्थित अन्वेषण में तेजी लाना और खनिज आयात पर भारत की निर्भरता को कम करना है।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज ईटानगर में “अरुणाचल प्रदेश राज्य जैव विविधता रणनीति और कार्रवाई: एक जन योजना” शुरू की। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय जैव विविधता लक्ष्यों को प्राप्त करना है। राज्य जैव विविधता कार्य योजना स्पष्ट, स्थानीयकृत कार्य बिंदु प्रदान करती है जो समुदायों, जिलों और स्वदेशी समूहों को सरकार के समर्थन से अपने पर्यावरण की जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाएगी। इस अवसर पर श्री खांडू ने कहा कि यह योजना अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा अपनाई गई जलवायु कार्य योजना और इसके पाँच विषयों - पर्यावरण, जलवायु लचीलापन, कल्याण, सतत आजीविका और सहयोगात्मक कार्रवाई का

पूरक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य बजट 2025-26 में घोषित योजनाओं और परियोजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) में एक प्रकोष्ठ स्थापित किया जाएगा, जो राज्य जैव विविधता योजना के कार्यान्वयन की भी निगरानी करेगा।

0000000000000000000000

रंगों का त्यौहार होली आज पूरे देश में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्यौहार वसंत ऋतु के आगमन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगो को होली की शुभकामनाएं दीं ।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) के.टी. परनाइक, मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने भी होली के पावन अवसर पर नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज स्पीकर तेसम पोंगटे और गुरु तुलकु रिनपोछे ला के साथ ईटानगर के थुप्तेन गत्सलिंग गोमपा में लोसर समारोह में भाग लिया। आज 15 दिवसीय लोसर समारोह का समापन हो रहा है।

0000000000000000000000

नागरिक उड्डयन मंत्री बालो राजा ने ईटानगर के दोनीं पोलो हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाओं को बढ़ाने और उच्च हवाई किराया कीमतों को नियंत्रित करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू को संबोधित एक पत्र में, श्री बालो ने मार्ग पर अधिक एयरलाइन ऑपरेटरों की आवश्यकता पर जोर दिया। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, उन्होंने केंद्रीय

मंत्रालय से ईटानगर क्षेत्र पर अधिक एयरलाइन ऑपरेटरों को शामिल करने की सुविधा प्रदान करने का आग्रह किया ताकि प्रतिस्पर्धा पैदा हो और किराए में कमी आए।

0000000000000000000000

मौसम विभाग ने आज जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और अरुणाचल प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश का अनुमान लगाया है। पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में दिन भर तेज हवाओं और गरज के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने आज सौराष्ट्र, कच्छ, विदर्भ, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और ओडिशा में लू चलने का अनुमान लगाया है। मौसम विभाग ने कहा कि असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर आज ओलावृष्टि होने की संभावना है।

0000000000000000000000

अपर सियांग जिला उपायुक्त तालो जेरंग ने कमांडर 761 बीआरटीएफ के साथ जिले में 95 किलोमीटर  गेरू मोनिंग और 103 किलोमीटर  सिमोंग सिंकिंग जोन क्षेत्रों का कल निरीक्षण किया। जिला उपायुक्त ने बीआरओ प्राधिकरण को आईआईटी कंसल्टेंट्स के माध्यम से मृदा अध्ययन करने और इसके स्थायी समाधान के लिए कमजोर स्लाइड पॉइंट्स/सिंकिंग क्षेत्रों की मिट्टी स्थिरीकरण के लिए एक ठोस प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है।

0000000000000000000000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो ने उपग्रह प्रक्षेपण के माध्यम से लगभग 14 करोड 30 लाख अमरीकी डॉलर के विदेशी राजस्व का सजृन किया है। अंतरिक्ष विभाग ने कहा है कि पिछले दस वर्षों के दौरान इसरो ने कुल तीन सौ 93 विदेशी और तीन भारतीय उपग्रहों का प्रक्षेपण किया है। जनवरी 2015 और दिसम्बर 2024 के बीच यह सभी उपग्रह इसरो के पीएसएलवी, एलवीएम3 और एसएसएलवी प्रक्षेपण वाहनों से इन उपग्रहों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया। इसरो ने अमरीका, ब्रिटेन, सिंगापुर और अनेक विकसित देशों सहित 34 देशों के उपग्रह प्रक्षेपित किए हैं।

0000000000000000000000

अमरीकी अंतरिक्ष एजेंसी-**नासा** ने कहा है कि 2024 में विश्व में समुद्र का स्तर अपेक्षा से अधिक तेजी से बढ़ा है। उन्होंने बताया कि पिछले साल समुद्र के स्तर में वृद्धि की दर 0.59 सेंटीमीटर प्रति वर्ष तक पहुँच गई, जो अपेक्षित 0.43 सेंटीमीटर से ज़्यादा है। जलस्तर में यह वृद्धि मुख्य रूप से समुद्र का पानी गर्म होने के कारण हुई है। इसके अलावा ग्लेशियर और बर्फ की परतों के पिघलने के कारण भी जल का स्तर बढ रहा है।

नासा की जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला में समुद्रजल-स्तर के शोधकर्ता जोश विलिस ने कहा है कि इससे हर वर्ष उतार-चढ़ाव होने की प्रवृत्ति स्पष्ट है। महासागरों में जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है। वर्ष 2024 में, थर्मल विस्तार के कारण समुद्र के जलस्तर में दो-तिहाई वृद्धि दर्ज की गई।

0000000000000000000000